भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2158**

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**एनएएम के अंतर्गत आयुष आरोग्य केंद्र**

2158. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत स्थापित आयुष आरोग्य केंद्रों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में वर्तमान में कार्यरत आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी औषधालयों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में औषधीय उद्यान के विकास और औषधीय पौधों की खेती का ब्यौरा क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत पंजीकृत कुल आयुष उपचार लाभार्थियों की संख्या कितनी है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने देश भर में मौजूदा आयुष औषधालयों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करके 12,500 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम(आयुष)] के रूप में पुनर्नामित किया गया है, के संचालन को स्वीकृति प्रदान की है। संचालित एएएम (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और पद्धति-वार सूची, जिसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी औषधालय शामिल हैं, **संलग्नक** पर दी गई है।

(ग): वर्तमान दिशा-निर्देशों के प्रावधान के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को एएएम (आयुष) के परिसर में अथवा आस-पास के क्षेत्रों में उपलब्ध स्थान पर औषधीय उद्यान की स्थापना हेतु सहायता प्रदान की गई है है। एएएम (आयुष) के लिए हर्बल पौधों की एक संकेतात्मक सूची आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र परिचालन दिशा-निर्देशों में आसानी से उपलब्ध है (विस्तृत विवरण https://nam.ayush.gov.in/pdf/AYUSH-HWC_OpGL_English ea13ba40e2d6aa88044320d0f5ee3275.pdf लिंक पर उपलब्ध है:)। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को क्षेत्रीय अनुकूलता के अनुसार इस सूची में संशोधन करने की स्वतंत्रता दी गई है।

(घ)**:** एनएएम के अंतर्गत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2021 से 2025 तक की पंचवर्षीय अवधि के दौरान एएएम (आयुष) के माध्यम से कुल 46,59,98,878 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

*****

संलग्नक

आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी औषधालयों सहित एएएम (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार एवं पद्धति-वार सूची

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आयुर्वेद | होम्योपैथी | यूनानी | सोवा रिग्पा- | योग और प्राकृतिक चिकित्सा | सिद्ध | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **6** |
| आंध्र प्रदेश | 92 | 29 | 5 | 0 | 0 | 0 | **126** |
| अरुणाचल प्रदेश | 28 | 61 | 0 | 0 | 0 | 0 | **89** |
| असम | 62 | 438 | 0 | 0 | 0 | 0 | **500** |
| बिहार | 154 | 86 | 54 | 0 | 0 | 0 | **294** |
| चंडीगढ़ | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **12** |
| छत्तीसगढ | 400 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **400** |
| दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| गोवा | 65 | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 | **100** |
| गुजरात | 354 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | **365** |
| हरियाणा | 516 | 13 | 9 | 0 | 0 | 0 | **538** |
| हिमाचल प्रदेश | 745 | 14 | 2 | 0 | 0 | 0 | **761** |
| जम्मू-कश्मीर | 262 | 15 | 246 | 0 | 0 | 0 | **523** |
| झारखंड | 46 | 675 | 24 | 0 | 0 | 0 | **745** |
| कर्नाटक | 336 | 22 | 18 | 0 | 0 | 0 | **376** |
| केरल | 413 | 280 | 1 | 1 | 0 | 5 | **700** |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| लक्षद्वीप | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **7** |
| मध्य प्रदेश | 682 | 93 | 25 | 0 | 0 | 0 | **800** |
| महाराष्ट्र | 381 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | **390** |
| मणिपुर | 1 | 12 | 1 | 0 | 1 | 0 | **15** |
| मेघालय | 10 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | **24** |
| मिजोरम | 0 | 41 | 0 | 0 | 0 | 0 | **41** |
| नगालैंड | 5 | 44 | 0 | 0 | 0 | 0 | **49** |
| ओडिशा | 220 | 201 | 1 | 0 | 0 | 0 | **422** |
| पुदुचेरी | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | **4** |
| पंजाब | 150 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | **158** |
| राजस्थान | 1958 | 41 | 20 | 0 | 0 | 0 | **2019** |
| सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 18 | 0 | 0 | **18** |
| तमिलनाडु | 40 | 30 | 20 | 0 | 28 | 532 | **650** |
| तेलंगाना | 212 | 91 | 118 | 0 | 0 | 0 | **421** |
| त्रिपुरा | 19 | 53 | 0 | 0 | 0 | 0 | **72** |
| उत्तर प्रदेश | 591 | 393 | 50 | 0 | 0 | 0 | **1034** |
| उत्तराखंड | 273 | 27 | 0 | 0 | 0 | 0 | **300** |
| पश्चिमी बंगाल | 211 | 329 | 0 | 0 | 0 | 0 | **540** |
| कुल | **8251** | **3060** | **603** | **19** | **29** | **538** | **12500** |